पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

राज्यपाल ने आज जनपद जालौन में एक दिवसीय भ्रमण के दौरान विविध कार्यक्रमों और समीक्षा बैठकों की अध्यक्षता की।

लखनऊः 02 अगस्त, 2023

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज जनपद जालौन में अपने एक दिवसीय भ्रमण के दौरान विविध कार्यक्रमों और समीक्षा बैठकों की अध्यक्षता की। उन्होंने उरई तहसील के विकास खण्ड डकोर स्थित सरसौखी ग्राम में आंगनबाड़ी केन्द्रों को सुविधा सम्पन्न बनाने हेतु आवश्यक वस्तुओं (155 किटों) का वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उक्त किटों में बच्चों के खेलने हेतु विभिन्न प्रकार के खिलौने, झूला, साईकिल, ब्लैकबोर्ड, कुर्सियां तथा मेज आदि सामग्री वितरित की गयी है। इसके साथ ही माननीय राज्यपाल महोदया ने कहा कि धीरे-धीरे जनपद के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर उक्त किट सामग्रियां उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है जिससे समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आने वाले बच्चों को खेल-खेल में पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा से दक्ष किया जा सके।
उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को माता यशोदा की संज्ञा देते हुये कहा कि छोटे-छोटे बच्चों का प्री-प्राईमरी की शिक्षा जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी आप सभी को सौंपी गयी है, जो बहुत सौभाग्य की बात है। आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों को फल वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान बाल विकास पुष्टाहार विभाग द्वारा लगाये गये विभागीय स्टॉल का निरीक्षण करते हुये स्टॉल प्रदर्शन की सराहना की। कम्पोजिट विद्यालय सरसौखी में मा० राज्यपाल महोदया ने कक्षा-1 से 5 तक के बच्चो को पठन -पाठन के बारे में जानकारी ली और किताब को बच्चो द्वारा पढ़वाकर सुना जिस पर मा० राज्यपाल महोदया ने छात्र-छात्राओं की सराहना की। छात्र-छात्राओं को विविध ज्ञानवर्धक पुस्तकें वितरित की। राज्यपाल जी ने इस अवसर पर ग्राम सरसौखी के प्राथमिक विद्यालय में वृक्षारोपण भी किया।
जनपद में राज्यपाल जी ने राजकीय मेडिकल कॉलेज के बालरोग इमरजेंसी, नवजात वार्ड, ओ0पी0डी0, महिला वार्ड सहित आदि वार्डो का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मा0 राज्यपाल महोदया ने क्षय रोग से पीड़ित के परिजनों से वार्ता कर हालचाल जाना साथ ही पीड़ित के परिजनों को पोषण किट वितरित की गयी। मा0 राज्यपाल महोदया ने बालरोग इमरजेंसी और नवजात वार्ड के मरीजों का हालचाल जाना साथ ही फल वितरित किये।
उन्होने कहा कि क्षय उन्मूलन में सभी की भागीदारी जरूरी है, क्षय मुक्त भारत बनने के लिये समय से उपचार अवश्य करायें। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री जी ने देश को 2025

तक टीबी मुक्त करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। स्वयं सेवी संस्थाएं, रेडक्रास सोसायटी, प्रधान आदि के माध्यम से जनपद में टीबी मरीज की खोज कर उनको समय से उपचार दिलाया जाये जिससे जल्द ही टीबी मुक्त हो सके। कार्यक्रम में राज्यपाल जी ने गोल्डन कार्ड लाभार्थियों को 50 गोल्डन कार्ड वितरित किये। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत कार्ड योजना के तहत लाभार्थी को 05 लाख की धनराशि दी जाती है, इस योजना के तहत देश के किसी भी जगह पर रहकर मुफ्त उपचार करा सकते हैं। उन्होने कहा कि केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की ओर से जो योजनाएं बनती है उसका लाभ पात्र लाभार्थियों को अवश्य मिले।
इसके उपरान्त राज्यपाल जी की अध्यक्षता में भारतीय रेडक्रास सोसायटी द्वारा जनपद में विगत 10 वर्षो में किये गये कार्यो की बिंदुवार समीक्षा बैठक संपन्न हुयी। बैठक में उन्होने कहा कि रक्तदान शिविर लगाकर अधिक से अधिक रक्तदान कराया जाये जिससे गरीबों को मुफ्त में रक्त उपलब्ध हो सके। रेडक्रास के आजीवन सदस्य लगातार कैम्प लगाकर आम जनमानस को सहायता प्रदान कराये। रेडक्रास सोसाइटी द्वारा बाढ़ में राहत कार्य लंच, सेनेस्टीपैड और दवाओं की किट व आर्थिक मदद की जाती हैं। उन्होने कहा कि समय-समय पर ग्रामीण क्षेत्रों में मेडिकल कैम्प लगाये जाये जिससे आमजनमानस लाभान्वित हो सके। उन्होने क्षय रोग मरीजों को अधिक से अधिक संख्या में गोद लिया जाये।
जालौन में राज्यपाल जी ने जिला कारागार उरई का निरीक्षण भी किया और कारागार में निरूद्ध विभिन्न कैदियों तथा जेल की मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कारागार में महिला कैदियों से उनके स्वास्थय और मूलभूत आवश्यकताओं की आपूर्ति की जानकारी ली और उन्हें भविष्य में आपराधिक जीवन से दूर होकर सामाजिक जीवन से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने किशोर बन्दियों से संवाद के दौरान अपराध न करने तथा पढ़ाई करके जीवन में सही मार्ग चयन के लिए प्रेरित किया।
इस अवसर पर राज्यपाल जी ने बन्दियों को स्वच्छ पेयजल हेतु 04 नग वाटर कूलर भेंट स्वरूप दिये गये, महिला बन्दियों के साथ रह रहे छोटे बच्चों को खिलौने व फल का वितरण किया और साथ ही महिला बन्दियों को साड़ी भेंट की। कार्यक्रम के अन्त में मा0 राज्यपाल महोदया ने सभी बन्दियों से कहा कि जेल से छूटने के बाद एक अच्छे जीवन यापन हेतु आवश्यक मार्गदर्शन अवश्य प्राप्त करें तथा कौशल विकास करके सामाजिक जीवन से जुड़ें।

डॉ0 सीमा गुप्ता,
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र 8318116361